भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2411
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उभरते पर्यटन रुझानों को एसडीएस 2.0 में शामिल करना**

**†2411. श्री कीर्ति आज़ाद:**
**श्री दुष्यंत सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उद्देश्यों, विषयों और कार्यान्वयन कार्यनीतियों के संदर्भ में स्वदेश दर्शन योजना 1.0 और स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के बीच प्रमुख अंतरों का ब्यैरा कया है और साथ ही इस योजना के अंतर्गत पर्यटन विकास को सतत और जिम्मेदारीपूर्ण बनाने के लिए कौन से विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) सरकार बिना किसी महत्वपूर्ण नवाचार के योजना 2.0 में योजना 1.0 के विषयों को दोहराने को किस प्रकार उचित ठहराती है;

(ग) क्या स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में महामारी के बाद लोकप्रियता हासिल कर रहे कारवां पर्यटन, गैस्ट्रोनॉमी पर्यटन, एवी पर्यटन और सैन्य पर्यटन जैसे उभरते पर्यटन रुझानों को शामिल किया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इन रुझानों की पहचान करने के लिए कोई अध्ययन या परामर्श किया है और यदि हाँ, तो योजना में उक्त रुझानों को शामिल करने की योजना सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) देश में प्रतिष्ठित और कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक सड़क और हवाई संपर्क में सुधार के लिए लागू किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है और साथ ही संबंधित अवसरंचना में कोई लक्षित निवेश क्या है; और

(च) सरकार ने अतुल्य भारत कंटेंट हब के साथ वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को किस प्रकार एकीकृत करने की योजना बनाई है ताकि अधिक मनोरंजक पर्यटन अनुभव किए जा सकें?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने देश में चिह्नित विषयगत थीमैटिक पर्यटन परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना विकास के उद्देश्य से अपनी 'स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस)' को वर्ष 2014-15 में शुरू किया था। इस योजना को पर्यटन और गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी पर्यटन

स्थलों के विकास के उद्देश्य से 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' के नाम से नया रूप दिया गया और इसके तहत 52 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना-'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' के तहत 36 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक योजना के तहत देश में 40 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। उपर्युक्त योजना के तहत परियोजनाओं को राज्यों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, उनके मूल्यांकन, निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन मंजूरी दी गई। एसडी 2.0, सीबीडीडी और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की मान्यता है कि नकारात्मक प्रभावों को न्यूनतम करने और सकारात्मक प्रभावों को अधिकतम करने के लिए, स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता और आर्थिक स्थिरता सहित सतत पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह योजना पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए नए उभरते रुझानों सहित विविध पर्यटन परियोजनाओं के विकास पर केंद्रित है।

स्वदेश दर्शन योजना में उभरते हुए रुझानों के समावेश के लिए कोई विशेष अध्ययन नहीं किया गया है। हालाँकि, योजना के दिशानिर्देश उन घटकों की एक विस्तृत सूची प्रदान करते हैं जो पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं, जिनमें पर्यटन के मुख्य उत्पाद, पर्यटन कार्यकलाप, प्रदर्शन कला अवसंरचना, स्वच्छता और सुरक्षा, कनेक्टिविटी और पार्किंग, सामान्य स्थल विकास, सॉफ्ट इंटरवेंशन आदि शामिल हैं। स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में कई पर्यटन रुझानों और गहन अनुभवों को कवर करने वाली विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं, जैसे तटीय अनुभव, गुफा का अनुभव, एडवेंचर, सीमा अनुभव, ध्यान केंद्र, सम्मेलन केंद्र, धार्मिक और आध्यात्मिक पहलू, पक्षी अभयारण्य, ऐतिहासिक थीम पार्क, जनजातीय संस्कृति अनुभव, किले, जैव-विविधता और पर्यावरण-मनोरंजन, पनडुब्बी पर्यटन आदि।

बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए मंत्रालय अपनी योजनाओं के तहत अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के लिए भी सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय सड़क और हवाई संपर्क सहित कनेक्टिविटी में सुधार के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय करता है।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश के कम और कम सेवा वाले हवाई अड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने और आम जनता के लिए हवाई यात्रा किफायती बनाने के लिए दिनांक 21.10.2016 को नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना - 'उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान)' योजना शुरू की। उड़ान योजना के तहत तीसरे दौर की बिडींग के दौरान, पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर कुल 106 पर्यटन-विशेष मार्गों को शामिल किया गया।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा 100% वीजीएफ सहयोग से उड़ान के तहत दिनांक 31.01.2025 तक कुल 53 पर्यटन आरसीएस मार्ग संचालित किए गए, जो देश के पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक स्थलों के लिए सीधा हवाई संपर्क प्रदान करते हैं।

सरकार ने देश भर में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू करने की भी घोषणा की है। यह योजना पर्वतीय, महत्वाकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के ज़िलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों के मामले में भी सहयोग करेगी।

मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध आकर्षणों को देखने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म (आईआईडीपी) का नया संस्करण लॉन्च किया है। आईआईडीपी एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित टूल का उपयोग करता है जो वास्तविक समय की मौसम संबंधी अपडेट, शहर की जानकारी और आवश्यक यात्रा सेवाएं प्रदान करके आगंतुकों को पर्सनलाइज्ड अनुभव देता है। इस पोर्टल ने उड़ानों, होटलों, कैब और बसों एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्मारकों की टिकटों की निर्बाध बुकिंग के लिए कई ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों (ओटीए) और हितधारकों से भी साझेदारी की है।

*****

**अनुबंध**

श्री कीर्ति आज़ाद और श्री दुष्यंत सिंह द्वारा उभरते पर्यटन रुझानों को एसडीएस 2.0 में शामिल करने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2411 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 6. | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 7. | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 |
| 8. | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर का विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 |
| 11. | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 24.07 |
| 12. | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.98 |
| 13. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 |
| 14. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का जीर्णोद्धार | 65.82 |
| 15. | हिमाचल | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का | 56.26 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रदेश | | मंदिर (जिला - ऊना) | विकास | |
| 16. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 |
| 17. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.71 |
| 18. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 |
| 19. | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 |
| 20. | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.17 |
| 21. | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 |
| 22. | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.16 |
| 23. | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 |
| 24. | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 |
| 25. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 |
| 26. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 27.21 |
| 27. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 |
| 28. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 |
| 29. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 30. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 31. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव | 38.85 |
| 32. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 |
| 33. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 |
| 34. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 21.56 |
| 35. | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 |
| 36. | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 37. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन | 20.06 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एक्सपीरियंस | |
| 38. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 |
| 39. | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 |
| 40. | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 |
| 41. | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.57 |
| 42. | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 |
| 43. | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 44. | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 45. | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 46. | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 |
| 47. | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 |
| 48. | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.94 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.8 |
| 51. | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 |
| 52. | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 |
| | | | | **कुल राशि** | **2108.87** |

**स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | 25.00 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | बिचोम बांध साहसिक और पारिस्थितिक पर्यटन परियोजना | 9.90 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार | 4.96 |
| 5. | असम | 2024-25 | पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य, शिवसागर | 9.99 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 24.29 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | मायाली बगीचा का पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 9.97 |
| 8. | गोवा | 2024-25 | मायेम गाँव में हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यीकरण और विकास | 9.81 |
| 9. | गुजरात | 2024-25 | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | 17.29 |
| 10. | गुजरात | 2024-25 | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में द सेक्रेड ओशियन रिट्रीट | 24.66 |
| 11. | गुजरात | 2024-25 | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थायित्व, अनुकूलित कौशल' अग्रणी प्रौद्योगिकी | 9.96 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास | 24.82 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | रक्छम, छितकुल में पर्यटन अवसंरचना विकास | 4.96 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | रामरेखा धाम, सिमडेगा में पर्यटन अवसंरचना विकास | 18.87 |
| 15. | केरल | 2024-25 | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | 25.00 |
| 16. | केरल | 2024-25 | वर्कला-दक्षिण काशी | 25.00 |
| 17. | लद्दाख | 2024-25 | मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण | 9.82 |
| 18. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | मध्यकालीन वैभव 2.0, ओरछा | 25.00 |
| 19. | महाराष्ट्र | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | 25.00 |
| 20. | मणिपुर | 2024-25 | मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास | 24.69 |
| 21. | मेघालय | 2024-25 | मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र | 24.87 |
| 22. | मेघालय | 2024-25 | नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र | 24.87 |
| 23. | नागालैंड | 2024-25 | सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव, इम्पुर गाँव | 24.94 |
| 24. | नागालैंड | 2024-25 | दोयांग पर विंग्स का विकास: एक इको पर्यटन आश्रय, दोयांग जलाशय | 10.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25. | पुदुचेरी | 2024-25 | व्हाइट टाउन का विकास | 22.19 |
| 26. | पंजाब | 2024-25 | हुसैनीवाला बॉर्डर, फिरोजपुर में सांस्कृतिक और विरासत विस्तार | 25.00 |
| 27. | पंजाब | 2024-25 | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | 24.90 |
| 28. | सिक्किम | 2024-25 | वीरता की गूँज: ग्नाथांग घाटी अनुभव, ग्नाथांग गाँव | 5.00 |
| 29. | सिक्किम | 2024-25 | काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा, काबी, मंगन | 24.96 |
| 30. | तमिलनाडु | 2024-25 | रामेश्वरम का प्रतीकात्मक परिवर्तन | 20.01 |
| 31. | तेलंगाना | 2024-25 | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | 24.85 |
| 32. | तेलंगाना | 2024-25 | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में पारिस्थितिकी पर्यटन परियोजना का विकास | 9.98 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास | 24.98 |
| 34. | उत्तराखंड | 2024-25 | जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास | 4.99 |
| 35. | उत्तराखंड | 2024-25 | कैंचीधाम परिसर, कैंचीधाम का विकास | 17.60 |
| 36. | उत्तराखंड | 2024-25 | माना हाट परियोजना | 4.99 |
| | | | **कुल राशि** | **648.10** |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 46.48 |
| 4. | असम | 2024-25 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान | 97.12 |
| 5. | असम | 2024-25 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 7. | बिहार | 2024-25 | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | गोवा | 2024-25 | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 |
| 12. | गुजरात | 2024-25 | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | 2024-25 | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | 2024-25 | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | 2024-25 | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 |
| 17. | केरल | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |
| 18. | केरल | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |
| 21. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 |
| 22. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | 2024-25 | लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 24. | मेघालय | 2024-25 | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | 2024-25 | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | 2024-25 | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | 2024-25 | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | 2024-25 | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | 2024-25 | नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | 2024-25 | नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | 2024-25 | देवला में फूलों का बगीचा | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | 2024-25 | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | 2024-25 | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37. | त्रिपुरा | 2024-25 | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | 2024-25 | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| | | | **कुल राशि** | **3295.76** |

*****